खास-खबरें

कलेक्टर-एसपी ने छींद मंदिर पहुंचकर दशहरा पर्व की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

नईदुनिया, प्रतिनिधि, बरेली: दशहरा पर्व के दौरान छींद मंदिर में बड़ी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का सोमवार को कलेक्टर रोहित सिसोनिया एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पर्व पर श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी जरूरी इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं, ताकि दर्शन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। छींद मंदिर के निरीक्षण के बाद कलेक्टर रोहित सिसोनिया बरेली पहुंचे। यहां उन्होंने एसडीएम कार्यालय और तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर वहां संचालित कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कार्यालयों में मौजूद नागरिकों से संवाद किया और उनकी समस्याओं तथा लंबित आवेदनों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान बरेली एसडीएम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर कटेसरिया सपत्नीक कालका माता मंदिर में हवन की पूर्णाहुति में हुए शामिल

नईदुनिया, प्रतिनिधि, रतलाम: नवरात्रि पर्व के समापन अवसर पर नवमी के दिन कलेक्टर अजय कटेसरिया सपत्नीक कालका माता मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने आयोजित हवन एवं पूजन कार्यक्रम में सहभागिता की और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन में आहुति देकर पूर्णाहुति की। इस अवसर पर कलेक्टर कटेसरिया ने मां कालिका की विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने जिले की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की। नवरात्रि के अंतिम दिन मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान के साथ हवन की पूर्णाहुति संपन्न हुई।

आज निकलेगा श्रीराम की झांकी का चल समारोह

नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशा: विजयादशमी पर्व पर रावण दहन आयोजन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने तैयारियों का निरीक्षण किया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और नागरिकों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा, यातायात और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी, एसडीएम मनीष जैन, नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गेश ठाकुर, रक्षित निरीक्षक नीरज सिंह सिकरवार, यातायात प्रभारी आशीष राय और श्रीरामलीला समिति के सचिव डॉ. अनिल शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

शाम 4 बजे निकलेगा चल समारोह: श्री विजयादशमी के अवसर पर श्रीरामलीला मेला समिति द्वारा मंगलवार, 20 अक्टूबर को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की झांकी का भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। शोभायात्रा अपराह्न 4 बजे किले अंदर चौपड़ापुरा स्थित पंडित चंद्रकिशोर मिश्र शास्त्री के निवास से प्रारंभ होगी। इसमें भगवान श्री वेंकटेश्वर बालाजी की झांकी भी शामिल रहेगी। चल समारोह दशहरा मैदान पहुंचेगा, जहां रात 8 बजे रावण दहन और आतिशबाजी का प्रदर्शन होगा। कलेक्टर एवं समिति अध्यक्ष अंशुल गुप्ता तथा मानसेवी सचिव डॉ. अनिल शर्मा ने श्रद्धालुओं से आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

खड़ी बस में ट्रक घुसने से आठ यात्री घायल, एक रेफर

शाजापुर। यात्री बस को ट्रक ने टक्कर मारकर दी जिससे उसमें सवार आठ लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को कमला बस क्रमांक यूपी 78 सी इंदौर से अशोकनगर जा रही थी। सारंगपुर नेशनल हाईवे पर यात्रियों को बाथरूम कराने के लिए बस रोकी गई थी, इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक यूपी 32 क्यूएन 3488 ने बस को टक्कर मार दी। बस में करीब 40 यात्री सवार थे। हादसे में देवेंद्र पिता राजू केवट (17), निवासी बजरंगगढ़, महक पिता जितेंद्र वंशकार (17), निवासी ललितपुर, पिंकी पति रामसेवक अहिरवार (23), निवासी अशोकनगर, राधिका पिता गोपाल वंशकार (16), निवासी मुंगावली, बस चालक जितेंद्र पिता हरिसिंह रघुवंशी (42), निवासी डगोरपुर, सोनू पिता हरिसिंह (36), निवासी अशोकनगर, गंगाराम पिता रघुवर अहिरवार (36), निवासी सेमरा पहाड़ और रविशंकर पिता जागरणरायण यादव (45), निवासी लखनऊ घायल हो गए।

जानकी कुंड में प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्थाओं का कलेक्टर-एसपी ने लिया जायजा

नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा: कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने सोमवार को प्रतिमा विसर्जन के लिए बनाए गए जानकी कुंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रतिमा विसर्जन से पहले सभी व्यवस्थाओं का रिहर्सल किया जाए, ताकि विसर्जन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने और मौके पर जांच कर आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए।

भारी वाहनों के प्रवेश पर रहेगी निगरानी: प्रतिमा विसर्जन के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए भारी वाहनों के प्रवेश पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने बताया कि निर्धारित अवधि में भारी वाहनों को प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। इसके लिए तीन स्तरीय व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। यातायात डायवर्जन, बैरिकेडिंग और निगरानी व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं और प्रतिमा विसर्जन के लिए आने वाले वाहनों को परेशानी न हो।

गोताखोर, नाव और मशीनें रहेंगी उपलब्ध: कलेक्टर ने जानकी कुंड में प्रतिमाओं के सुरक्षित विसर्जन के लिए पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित गोताखोरों, छोटी नावों तथा हाइड्रा और जेसीबी मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक संसाधन मौके पर तैयार रहें। संबंधित कर्मचारियों की ड्यूटी और जिम्मेदारियां भी पहले से तय की जाएं, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

प्रकाश और विद्युत व्यवस्था पर जोर: निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जानकी कुंड और आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विसर्जन स्थल पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। किसी भी स्थिति में अंधेरा या बिजली संबंधी व्यवधान नहीं होना चाहिए। इसके लिए विद्युत व्यवस्था की पहले से जांच करने और वैकल्पिक इंतजाम रखने के निर्देश भी दिए गए।

सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की होगी निगरानी: पुलिस अधीक्षक ने कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए विसर्जन स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण और आपात स्थितियों से निपटने के लिए सभी जरूरी इंतजाम पहले से सुनिश्चित किए जाएं।

श्रद्धालुओं की आवाजाही और प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ मौके पर व्यवस्थाओं का संचालन करेंगे।

कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतिमा विसर्जन से जुड़ी व्यवस्थाओं की पूर्व तैयारी, रिहर्सल और मौके पर निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि विसर्जन प्रक्रिया सुरक्षित, व्यवस्थित और सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

कलेक्टर-एसपी ने महामाया-महालया का पूजन कर शासकीय नगर पूजा की शुरुआत की

नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन: शारदीय नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर सोमवार को नगर की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना के लिए चौबीस खम्बा माता मंदिर पर शासकीय नगर पूजा का आयोजन परंपरानुसार किया गया। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा विधि-विधान से माता महामाया महालया का पूजन अर्चन कर नगर पूजा की पारंपरिक यात्रा प्रारंभ की।

नवरात्रि पर्व की महा अष्टमी तिथि पर कलेक्टर और एसपी ने सोमवार को सुबह चौबीस खम्बा माता मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन किया। माता को सोलह सिंगार, चुनरी अर्पित कर बलबाकल का भोग लगाया गया।

कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि नवरात्रि के पावन पर्व पर महाअष्टमी के अवसर पर चौबीस खम्बा माता मंदिर पर माता महामाया और महालया का परंपरा अनुसार विधि विधान से पूजन संपन्न किया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले और शहर के सभी नगर वासियों को महाअष्टमी और नवमी पर्व की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।

नगर पूजा के दौरान नगर के 40 छोटे-बड़े मंदिरों में पूजन-अर्चन कर देवी देवताओं को बलबाकल का भोग अर्पित किया जाता है । नगर पूजा रात्रि में हांडी फोड़ भैरव मंदिर पर पहुंचकर संपन्न होगी। शासकीय नगर पूजा उज्जैन की प्राचीन धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

आज निकलेगा दशहरा चल समारोह 51 फीट के रावण का होगा दहन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदा: विजयादशमी पर भैरूंदा नगर में मंगलवार को भव्य दशहरा चल समारोह निकाला जाएगा। नगर के प्रमुख मार्गों को केसरिया ध्वजों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया है।

दोपहर 3 बजे गांधी चौक स्थित छोटा बाजार के श्रीराम मंदिर से शुरू होने वाले चल समारोह में भगवान श्रीराम का विजय रथ, धार्मिक झांकियां, अखाड़ों के करतब और मातृशक्ति की युवा वाहिनी का शस्त्र प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहेंगे। शाम 7:30 बजे उत्कृष्ट विद्यालय परिसर स्थित दशहरा मैदान में 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।

नगर परिषद और नवा पारायण समिति ने आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली हैं। चल समारोह में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमानजी बग्घी पर सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे। चलित हनुमान, शिव परिवार और शुभम कॉन्वेंट स्कूल की झांकियां भी शामिल होंगी। अखाड़ों के कलाकार पारंपरिक करतब दिखाएंगे, जबकि मातृशक्ति की युवा वाहिनी शस्त्र प्रदर्शन कर महिलाओं के साहस और आत्मविश्वास का संदेश देगी।

दुर्गा चौक पर मुस्लिम कमेटी करेगी स्वागत: चल समारोह का दुर्गा चौक पर मुस्लिम कमेटी द्वारा स्वागत किया जाएगा। इसके बाद शाम 6 बजे खेड़ापति हनुमान मंदिर में महाआरती होगी। समारोह के दशहरा मैदान पहुंचने पर शाम 7:30 बजे रावण दहन किया जाएगा। इस दौरान आतिशबाजी भी होगी। आयोजन में भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने इंतजाम किए हैं। नगर परिषद अध्यक्ष ने नागरिकों से समारोह में शामिल होकर आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ विजयादशमी मनाने की अपील की है।

देवास से घर लौट रहे युवकों की बाइक टकराई, दो घायल

शाजापुर। देवास से काम खत्म कर राजगढ़ स्थित अपने गांव लौट रहे दो युवक रविवार रात शाजापुर में सड़क हादसे का शिकार हो गए। सुनेरा थाने के ठीक सामने दो मोटरसाइकिलों की जोरदार भिड़ंत में एक युवक के सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि उसका साथी मामूली रूप से घायल हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसा रात करीब 9 बजे का है। घायलों की पहचान गोविंद बैरागी और राधेश्याम सेन के रूप में हुई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गोविंद बैरागी के सिर में गंभीर चोट आई है और उसे तत्काल चिकित्सा उपलब्ध कराई गई। वहीं, उसके साथी राधेश्याम सेन के सिर और हाथ में मामूली चोटें आई हैं। घायल राधेश्याम सेन ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वह देवास स्थित एलटीएन कंपनी में मशीन ऑपरेटर का काम करता है। रात को वह अपने साथी गोविंद के साथ बाइक से देवास से राजगढ़ जिले के अपने पैतृक गांव खेजड़िया जा रहा था।

मरीह माता मंदिर में सात हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर: शहर के विश्रामघाट स्थित करीब 150 वर्ष प्राचीन चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर में शारदीय नवरात्रि के अंतिम दिन सोमवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। माता रानी के दर्शन और पूजन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा।

मंदिर के बाहर दिनभर भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। पूरा मंदिर परिसर मां शेरावाली के जयकारों से गूंज उठा और यहां मेले जैसा माहौल बना रहा। नवमी के अवसर पर मंदिर में मां सिद्धिदात्री की विशेष पूजा-अर्चना की गई। सुबह सात बजे से हवन-पूजन की शुरुआत हुई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन की पूर्णाहुति और महाआरती संपन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर में माता का विशेष श्रृंगार भी किया गया।

नवमी के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सात हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। मंदिर के व्यवस्थापक गोविंद मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा और भंडारे में सहयोग करने वाले जोगेंद्र रावत सहित अन्य सेवाभावी लोगों ने माता रानी को प्रसादी का भोग अर्पित किया। इसके बाद सुबह 10 बजे से देर शाम तक श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था के अनुसार हवन-पूजन किया और कन्याओं को भोज कराकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। घंटे-घड़ियालों की गूंज और माता के जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय बना रहा।

जिला संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि मरीह माता मंदिर में प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्रि के दौरान नौ दिनों तक विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं। इस वर्ष भी महाष्टमी पर महानिशा महाआरती और विशेष अनुष्ठानों का आयोजन किया गया।

सुभाष निकेतन और माय स्कूल में वैदिक यज्ञ के साथ मनाया नवरात्रि उत्सव

नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदा: नगर के सुभाष निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल और अंग्रेजी माध्यम के माय स्कूल में नवरात्रि उत्सव के अंतर्गत वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह विद्यालय परिसर में बने यज्ञ स्थल पर आयोजित अनुष्ठान में विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण करते हुए आहुतियां अर्पित कीं।

यज्ञ में समिति के सदस्य शांतनु देव सपरिवार मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए। माय स्कूल के शिक्षक अनिल अहिरवार, शिक्षिका मंजुलता, शालिनी रघुवंशी और विद्यार्थियों ने भी यजमान के रूप में सहभागिता की। यज्ञ के दौरान वैदिक मंत्रों की गूंज से विद्यालय परिसर का वातावरण भक्तिमय हो गया।

भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने का संदेश: इस अवसर पर समिति के सदस्य शांतनु देव ने कहा कि विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से परिचित कराने में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सुभाष निकेतन और माय स्कूल में विभिन्न अवसरों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। वैदिक यज्ञ भी इसी परंपरा का हिस्सा है, जिसमें बच्चों ने मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां देकर सहभागिता की।

विद्यालय प्रबंधक अखिलेश श्रीवास्तव और प्राचार्य प्रीति श्रीवास्तव ने कहा कि नवरात्रि उत्सव के अंतर्गत आयोजित इस यज्ञ में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों को भारतीय परंपराओं, धार्मिक संस्कारों और सांस्कृतिक विरासत को समझने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

कंजना में उद्योग संघ ने कन्या पूजन कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

गंजबासौदा। कंजना उद्योग संघ द्वारा मां बंजारी धाम में कन्या पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान क्षेत्र की आदिवासी कन्याओं का पूजन कर उनके सम्मान और आशीर्वाद के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उद्योग संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यह स्थान मां बंजारी जी का है। संघ ने माता से प्रार्थना की कि क्षेत्र के सभी उद्योग फलें-फूलें और निरंतर प्रगति करें। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की आदिवासी कन्याओं का पूजन कर इस पहल की शुरुआत की गई है। पदाधिकारियों ने कहा कि यह प्रयास आगे भी लगातार जारी रहेगा। उद्योग संघ की कोशिश है कि इस पहल को भविष्य में और बड़े स्तर पर विस्तार दिया जाए, ताकि अधिक से अधिक कन्याओं को इससे जोड़ा जा सके। कार्यक्रम में उद्योग संघ के सभी सदस्य और क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

रघुवंशी धर्मशाला में आज होगा शस्त्र पूजन

गंजबासौदा। क्षत्रिय परंपरा के शौर्य, साहस और गौरवशाली विरासत को सहेजने के उद्देश्य से अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद के तत्वावधान में मंगलवार, 20 अक्टूबर को शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे बरेठ रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला में शुरू होगा। परिषद की युवा इकाई के जिला अध्यक्ष इंजीनियर रविंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, युवा इकाई के सदस्य और समाजबंधु शामिल होकर विधि-विधान से शस्त्र पूजन करेंगे। परिषद की ओर से पूरे प्रदेश में शस्त्र पूजन कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में गंजबासौदा में दूसरी बार यह आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को समाज की गौरवशाली परंपराओं, संस्कारों और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है। आयोजकों ने लाइसेंसधारी शस्त्र धारकों से नियमानुसार अपने शस्त्र साथ लाने तथा कार्यक्रम की जानकारी अन्य समाजबंधुओं तक पहुंचाने का आग्रह किया है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत साफ-सफाई के प्रति किया जागरूक

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर: स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 16 अक्टूबर 2026 को सीहोर प्रधान डाकघर परिसर में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय, नारों और गीतों के जरिए आम नागरिकों को स्वच्छता का महत्व समझाया।

कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने डाकघर में उपस्थित ग्राहकों एवं स्थानीय नागरिकों को अपने आसपास साफ-सफाई रखने, कचरे का उचित निस्तारण करने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संदेश दिया गया कि स्वच्छ वातावरण बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और इसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है।

इस अवसर पर सीहोर डाकघर अधीक्षक प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। घर, कार्यस्थल और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखकर ही शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकता है। आयोजन में डाक विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

आज बाल विहार मैदान में होगा दशहरा उत्सव तीन घंटे तक होगी सतरंगी आतिशबाजी

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर: अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व पर आज छावनी दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में बाल विहार मैदान पर भव्य दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान आकर्षक सतरंगी आतिशबाजी, धार्मिक कार्यक्रमों और मनमोहक भजनों की प्रस्तुतियों से उत्सव का माहौल भक्तिमय और उल्लासपूर्ण रहेगा। कार्यक्रम में साधु-संतों का सम्मान भी किया जाएगा। आयोजन अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा मुख्य आशीर्वाददाता के रूप में समापन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि समिति के मुख्य संरक्षक जसपाल सिंह अरोरा, विशेष अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अमिता अरोरा सहित जनप्रतिनिधि, क्षेत्रवासी और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

छावनी दशहरा उत्सव समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि बाल विहार मैदान में करीब 51 फीट ऊंचे रावण और मेघनाद के पुतले स्थापित किए गए हैं। मौसम खराब होने और बारिश की आशंका को देखते हुए पुतलों को रेनप्रूफ तरीके से तैयार किया गया है, ताकि आयोजन में मौसम के कारण बाधा न आए। समिति अध्यक्ष आशीष गहलोत सहित अन्य सदस्यों ने आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुंबई से आए कलाकारों द्वारा आकर्षक आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जाएगा। करीब तीन घंटे तक चलने वाली रंग-बिरंगी आतिशबाजी आसमान को सतरंगी रोशनी से जगमगाएगी। इसके साथ ही भजनों और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से विजयादशमी का पर्व उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

सिद्ध हनुमान मंदिर से निकलेगी भव्य राम बारात: रावण दहन से पहले शहर के छावनी नमक चौराहे स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर से भव्य राम बारात चल समारोह निकाला जाएगा। रात्रि सात बजे पूजा-अर्चना के बाद शुरू होने वाली राम बारात में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और वानर सेना की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। चल समारोह अध्यक्ष संतोष राठौर, कार्यक्रम संयोजक विनीत गोयल और कोषाध्यक्ष विशाल सेन सहित अन्य सदस्यों के मार्गदर्शन में राम बारात निकाली जाएगी।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर होमगार्ड के जवान तैनात

सीहोर। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के लिए जिला होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। 20 अक्टूबर से जिले के प्रमुख विसर्जन स्थलों पर जवान आवश्यक बचाव उपकरणों के साथ तैनात रहेंगे। सीहोर शहर के टाउन हॉल के पास विसर्जन स्थल, सीवन नदी घाट, ईटलाईमाता विसर्जन स्थल, जमोनिया तालाब सहित श्यामपुर, दोराहा, अहमदपुर, आष्टा, जावर, इछावर, भैरूंदा, रेहटी और बुधनी में सुरक्षा व्यवस्था की गई है। आवश्यकता पड़ने पर जिला मुख्यालय की रिजर्व आपदा टीम भी भेजी जाएगी। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से सतर्कता बरतने और सुरक्षा जवानों के निर्देशों का पालन करने की अपील की है, ताकि विसर्जन सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

स्पेशल खबर अंडर-17 बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता में दिखाएंगी प्रतिभा

शालिनी का राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरुंदा: मेहनत और लगन के दम पर मुश्किल परिस्थितियों को पीछे छोड़ ग्राम गिल्लोर की बेटी शालिनी पेठारी ने सफलता हासिल की है। गांव में खेल मैदान नहीं होने और परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद शालिनी ने क्रिकेट का अभ्यास जारी रखा। वह रोजाना करीब 10 किलोमीटर दूर भैरुंदा आकर प्रशिक्षण लेती हैं। उनकी मेहनत का परिणाम है कि उनका चयन 70वीं राज्यस्तरीय अंडर-17 बालिका शालेय क्रीड़ा क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता 23 से 28 अक्टूबर तक शिवपुरी में आयोजित होगी।

शालिनी भैरुंदा की सैफरॉन क्रिकेट एकेडमी की खिलाड़ी हैं। वह हेड कोच राकेश पंवार (रक्का) के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रही हैं। गांव से भैरुंदा आने के लिए उन्हें कभी बस का सहारा लेना पड़ता है, तो कभी परिचितों से लिफ्ट लेकर स्टेडियम पहुंचती हैं। आने-जाने की परेशानियों के बावजूद उन्होंने नियमित अभ्यास और खेल के प्रति समर्पण बनाए रखा।

आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण: एकेडमी के हेड कोच राकेश पंवार ने शालिनी के चयन पर खुशी जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि शालिनी मेहनती और अनुशासित खिलाड़ी हैं। आर्थिक परेशानियों के बावजूद उनका नियमित अभ्यास के लिए आना खेल के प्रति उनकी लगन को दर्शाता है। एकेडमी में आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को निःशुल्क अभ्यास और प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि संसाधनों की कमी उनकी प्रतिभा के विकास में बाधा न बने।

शालिनी के चयन से उनके परिवार, गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनकी उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र की उन बेटियों के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद खेलों में आगे बढ़ना चाहती हैं। साथ ही यह उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल मैदान और प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराने की जरूरत भी उजागर करती है। अब क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि शालिनी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन कर अपने गांव और जिले का नाम रोशन करेंगी।